निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड महोदय की ओर से कार्यालय जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि तहसील पूर्णागिरि (टनकपुर) क्षेत्रान्तर्गत पार्किंग के संचालन हेतु दिनांक 02.02.2026 को निविदा प्रकाशित की जा रही है। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 18.02.2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे निविदा समिति द्वारा उपस्थिति निविदाताओं के समक्ष खोला जायेगा। अपरिहार्य कारणो से निविदा खोलने की तिथि व समय में अधोहस्ताक्षरी द्वारा परिवर्तन किया जा सकता है। प्राप्त निविदाओं में से किसी एक या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये स्वीकृत या अस्वीकृत अथवा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार निविदा समिति में निहित है। निविदा प्रपत्र दिनांक 02.02.2026 से दिनांक 17.02.2026 की प्रातः 11:00 बजे तक (अवकाश दिवसों का छोडकर) निर्धारित शुल्क जमा कर क्षेत्रीय कार्यालय, जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण, टनकपुर से प्राप्त किये जा सकते है तथा निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं शर्तें किसी भी कार्यालय दिवस में निविदा प्रकाशन के पश्चात एवं निविदा जमा करने से पूर्व 10:00 बजे से सांय 05:00 बजे तक क्षेत्रीय कार्यालय, जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण, टनकपुर एवं कार्यालय जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण, चम्पावत से प्राप्त की जा सकती है।

क्र0 सं0	निविदा का नाम	पार्किंग संचालन की अनुमानित वार्षिक आय	अनुमानित ईएमडी धनराशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	पार्किंग संचालन की अवधि	निविदा की वैधता	ठेकेदार की श्रेणी	कार्यपूर्ति प्रतिभूति राशि
1	2	3	4	5	6	7	8	9
01	पर्यटक आवास गृह परिसर, टनकपुर के समीप तथा नगर पालिका क्षेत्र में निर्मित मल्टी लेवल पार्किंग संचालन (कुल 02 पार्किंग)	रू0 3,25,000.00 +18% GST	रू0 10,000.00	रू0 500.00 +18% GST	अनुबन्ध होने के पश्चात 01 साल (365 दिवस) तक	45 दिन	डी श्रेणी या उच्चतर (राजकीय विभाग के वैध पंजीकृत ठेकेदार)	रू0 32,500.00
02	टुन्यास श्री पूर्णागिरि धाम में पर्यटक आवास गृह की भूमि पर पार्किंग व भवन का संचालन	रू0 9,84,000.00 +18% GST	रू0 30,000.00	रू0 1000.00 +18% GST	अनुबन्ध होने के पश्चात 01 साल (365 दिवस) तक	45 दिन	डी श्रेणी या उच्चतर (राजकीय विभाग के वैध पंजीकृत ठेकेदार)	रू0 98,400.00

(अनुराग आर्या)
सयुंक्त सचिव / उप जिलाधिकारी
क्षेत्रीय कार्यालय, जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण,
टनकपुर।

क्षेत्रीय कार्यालय, जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण, टनकपुर, जिला चम्पावत

संख्या– 837 / प्राधि0सहा0–पार्किंग निविदा / 2025–26, दिनांक 31 जनवरी, 2026

प्रतिलिपिः–निम्नांकितों को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. उपाध्यक्ष महोदय, जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण, चम्पावत।
2. सचिव, जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण, चम्पावत।
3. निविदा समिति के सदस्य।
4. जिला सूचना अधिकारी, चम्पावत को व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु।
5. संवाददाता, अमर उजाला, दैनिक जागरण को इस आशय से प्रेषित कि विज्ञप्ति को दैनिक समाचार पत्रों के उत्तराखण्ड संस्करण में न्यूनतम शासकीय दरों में प्रकाशित करते हुए बिल भुगतान हेतु जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण, चम्पावत को प्रेषित करने का कष्ट करें।
6. जिला कार्यालय चम्पावत / समस्त उपजिलाधिकारी / तहसील / विकास खण्ड कार्यालय जनपद चम्पावत के नोटिस बोर्ड में चस्पा हेतु।
7. जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, चम्पावत को इस आशय के साथ कि उक्त निविदा को जनपद की वेबसाईट पर अपलोड / प्रकाशित करने का कष्ट करें।

सयुंक्त सचिव / उप जिलाधिकारी
क्षेत्रीय कार्यालय, जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण,
टनकपुर।